तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 5 अगस्त 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3



सिल्वर स्कूल में मनाया सावन उत्सव

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

# चार सरकारी कॉलेजों के भवन के लिए जमीन आबंटन प्रक्रिया नहीं हो सकी शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में संचालित 15 सरकारी कॉलेजों में चार ऐसे कॉलेज हैं जिनको शुरु हुए लगभग 4 साल का समय बीत चुका है। उनका भवन किस जमीन में बनेगा उसकी जमीन आबंटन की प्रक्रिया अब तक शुरु नहीं हो सकी है। अभी भी महाविद्यालय की कक्षाएं हाई स्कूल के भवन में चल रही है। जिससे कक्षाओं के संचालन के समय को लेकर व्यवहारिक कठिनाईयां स्कूल प्रबंधन के सामने खड़ी हो रही है।

उच्च शिक्षा विस्तार अंतर्गत पिछली सरकार के अंतर्गत राज्य शासन ने ग्रामीण अंचलों में महाविद्यालय का संचालन शुरु किया था। ताकि ग्रामीण अंचल के उन छात्र छात्राओं को महाविद्यालय शिक्षा का लाभ मिल सके, जो किसी न किसी व्यवहारिक कारण से हायर सेकेंडरी के बाद महाविद्यालयीन शिक्षा से वंचित हो जाते थे। विशेषकर ग्रामीण अंचल की छाद्धाओं को लेकर यह एक बड़ी समस्या के रुप में हमेशा सामने आती है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने तत्काल प्रदेश सरकार के सामने इस समस्या को ⏭ शेष पेज 3 पर

## उच्च शिक्षा विस्तार योजना अंतर्गत ग्रामीण अंचल में खोले गए हैं महाविद्यालय

### खास बातें

- उमरेली, रामपुर, बांकीमोंगरा और जटगा में हो रहा संचालन



### अब तक नहीं मिला भवन

आदर्श कॉलेज बंजारी के लिए भवन बनकर तैयार हो गया है। किंतु अब तक भवन का हैंडओवर नहीं होने से आदर्श कॉलेज बंजारी का संचालन बरपाली शासकीय कॉलेज में करने का निर्णय दिया गया है। बीते कुछ वर्षों से आदर्श कॉलेज का संचालन पीजी कॉलेज में किया जा रहा था। जिससे एक ही भवन में दो कॉलेज के संचालन से कक्षाओं में तकनीकी समस्या सामने आ रही थी।

### बांकीमोंगरा कॉलेज में खड़ी समस्या

बांकीमोंगरा कॉलेज में दर्ज संख्या नये शुरु हुए अन्य शासकीय कॉलेजों की तुलना में अधिक है। जुलाई माह से महाविद्यालय की कक्षाएं जिस स्कूल में संचालित हो रही है उस स्कूल के कुछ कक्षाओं में सीपेज होने के कारण कक्षाएं लगाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में जो कमरे महाविद्यालय को दिये गये हैं उनमें स्कूल की कक्षाएं चलाना मजबूरी हो गई है। ऐसी स्थिति में महाविद्यालय की कक्षाओं के संचालन को लेकर समस्या होने के कारण कॉलेज के प्राचार्य सहित जिला प्रशासन आयुक्त उच्च शिक्षा को भी पत्र प्रेषित किया है।

## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस की मंडलों की बैठक आज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थू लाल यादव ने बताया कि 5 अगस्त को चारों मंडल में बैठक आयोजित किया गया है। श्री यादव ने बताया सीतामणी मंडल वार्ड क्र. 5 से वार्ड क्र. 14 तक, स्थान सोनालिया रेल्वे फाटक स्टेशन रोड, संजय नगर सामुदायिक भवन में, सायं 4 बजे, टीपी नगर मंडल के वार्ड 1 से 4 एवं 15 से 18 तक स्थान जिला कांग्रेस कार्यालय में, शाम 5 बजे बुधवारी मंडल वार्ड 19 से वार्ड 24 एवं वार्ड 36-37, स्थान सरस्वती शशि मंदिर बुधवारी, गांधी पुतला मार्ग गौरीशंकर मंदिर के पास, सामुदायिक भवन में, शाम 6 बजे कोसाबाड़ी मंडल, वार्ड क्र. 25 से वार्ड क्र.35 तक, स्थान पोड़ीबहार सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित किया गया है।

### तकनीकी समिति का गठन

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा जल प्रदाय योजना के विस्तार हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास को विस्तृत प्राक्कलन प्रेषित किया गया है। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास अजीत वसंत द्वारा उक्त कार्य में जल की गुणवत्ता, जल का इन्टेक एवं वार्डो में जल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्राप्त प्राक्कलन का वित्तीय, भौतिक तथा तकनीकी परीक्षण करने हेतु तीन सदस्यीय तकनीकी समिति गठन किया गया है। जिसमें कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग जिला कोरबा शामिल हैं। उक्त समिति को जांच कर प्राक्कलन के संबंध में अभिमत सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

### शासकीय महाविद्यालयों में स्वच्छता और सुरक्षा की नई पहल

कोरबा। जिले में संचालित कुल 15 शासकीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी सफाई कर्मचारी, चौकीदार की व्यवस्था हेतु शासन के द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों के अंतर्गत कुल 29 पदों के लिए कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा स्वीकृति प्रदाय की गई है। उक्त 29 पदों की स्वीकृति के पश्चात सभी 15 महाविद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कमी पूर्ण होगी तथा महाविद्यालयों की साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। उक्त हेतु राशि का व्यय जिला खनिज संस्थान न्यास के द्वारा किया जाएगा।

### एक कार्य का दो प्रस्ताव पारित होने की शिकायत

**कोरबा।** निगम मद से वार्ड क्र. 14 (पूर्व वार्ड क्रं.12) अमरैय्या पारा अंतर्गत पावर टावर के पास तालाब व सीसी रोड निर्माण कार्य का टेण्डर 88 लाख का ई-टेण्डर नोटिस क्रमांक 168445 है, उसके वर्क आर्डर की तैयारी निगम द्वारा की जा रही है। विदित हो कि उस टेण्डर में भी गड़बड़ी करते हुए टेण्डर में शामिल 18 ठेकेदारों में से 16 ठेकेदारों को नियम विरूद्ध अपात्र घोषित कर मात्र 2 ठेकेदारों को पात्र घोषित कर उंचे रेट में बिना प्रतिस्पर्धा के आबंटित किया जा रहा है। जिसकी शिकायत ठेकेदारों द्वारा भी की जा चुकी है। इसी काम का प्रस्ताव समान मूल्य का दोबारा बनाकर एमआइसी से पास कराकर शासन को पत्र के माध्यम से अधोसंरचना मद से शासन से स्वीकृति हेतु भेजा गया और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई जो सीरियल नंबर 12 पर अंकित है। उसकी भी टेण्डर करने की तैयारी है।

## बेला ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम खेतार, फूटामुड़ा और गहनिया का मामला

# सात साल बाद तीन गांव के लोगों को मिला बिजली बिल, बिल देखकर उड़ गए होश



शिकायकर्ता ग्रामीण।



बिल को दिखाती महिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक गांव के तीन आश्रित ग्राम के ऐसे उपभोक्ता हैं जहां विद्युत वितरण विभाग ने उन्हें बिजली बिल देने के लिए एक साल दो साल नहीं बल्कि कई साल तक भूल गया था और बाद में विद्युत वितरण विभाग की टीम ने बिना रीडर के नाम छपे हुए उपभोक्ताओं को किसी को 38 हजार रुपए, किसी को 50 हजार रुपए तो किसी को 60 हजार रुपए, किसी को 80 हजार रुपए की भारी भरकम बिल थमाई गई है। जब लोगों ने वर्षों बाद अपने घरों का बिजली बिल देखा तो उनके होश उड़ गए और अब उन्होंने इस मामले की शिकायत विद्युत विभाग के अफसरों से की है। विद्युत विभाग के अफसरों ने मामले में संज्ञान लेते हुए गांव में शिविर लगाकर मामले का पटाक्षेप करने का आश्वान दिया है।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 25 किलोमीटर दूर ग्राम बेला है। जिसके आश्रित ग्राम फूटामुड़ा, खेतार और गहनिया आते हैं। बताया जाता है कि इस गांव में कई ऐसे लोग हैं जिन्हें पिछले कई वर्षों से विद्युत विभाग द्वारा बिजली बिल नहीं दी जा रही थी। वर्ष 2018 में ग्रामीणों को बिजली बिल मिला था लेकिन इसके बाद गांव के लोगों को बिजली बिल नहीं मिल पा रहा था। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने पूर्व सरपंच को शिकायत भी की थी लेकिन किसी ने संज्ञान नहीं लिया। अब 7 साल बाद विद्युत वितरण विभाग ने बिना रीडर के नाम छपा हुआ तीनों गांव के दर्जनों आश्रितों को बिजली बिल थमाया है। जिसमें किसी को 38 हजार, 40 हजार तो 70 हजार रुपए का बिजली बिल शामिल है। गांव में भारी भरकम बिल आते ही ग्रामीण सकते में आ गए हैं। ग्रामीण बताते हैं कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने घरों का कनेक्शन व मीटर ही हटा दिया था उन्हें भी बिल थमा दिया गया है। अब मामला सामने आने के बाद विद्युत विभाग के अधिकारी मामले की जांच की बात कह रहे हैं।

### 200 उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा था बिल

बताया जाता है कि ग्राम बेला के आश्रित ग्राम फूटामुड़ा, खेतार और गहनिया के लगभग डेढ़ सौ से 200 ऐसे उपभोक्ता हैं जिन्हें पिछले 2018 के बाद से बिल नहीं मिले थे। अब उन्हें अचानक कई वर्षों बाद बिल मिला है जिससे ग्रामीण भारी भरकम बिल देखकर उनके होश उड़ गए हैं। अब इस बिल को जमा करना भी विद्युत वितरण विभाग के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। भारी भरकम बिल भी पटा पाना ग्रामीणों के लिए आसान नहीं है तो वहीं विद्युत वितरण विभाग के अधीक्षण यंत्री पीएल सिदार का कहना है कि ग्रामीणों उपभोक्ताओं को स्लेब व किश्त की सुविधा दी जाएगी।

### दोषियों पर एफआईआर कर राशि वसूली किया जाए : नूतन

निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने बिजली विभाग में हुए करोड़ों के घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है, जिसमें इस घोटाले की उच्चस्तरीय जांच करने तथा एफआईआर दर्ज कर दोषियों से वसूली की कार्यवाही की माँग किया है। छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण विभाग में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लगभग 77 करोड़ रुपये की लागत से कोरबा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए केबल लगाने का ठेका दिया गया था। ठेका कंपनी द्वारा घटिया क्वालिटी का केबल लगाया गया जिससे अब तक कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पाई है।

### आखिर ग्रामीण इतने साल तक क्यों बैठे थे चुपचाप

विद्युत वितरण विभाग के अधीक्षक यंत्री पीएल सिदार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम बेला के आश्रित गांव फूटामुड़ा, खेतार और गहनिया के लोगों को बिजली बिल अरदा और पौंसरा गांव के ग्रुप में जुड़ा हुआ था। प्रति महीने इन ग्रामीणों को बिजली बिल जारी होता था लेकिन ग्रामीण को जब बिजली बिल नहीं मिल रहा था तो उन्होंने बिजली बिल न आने की कभी शिकायत नहीं की थी और ना ही इस तरह की जानकारी हमें दी थी। विभाग लगातार यह समझ रहा था कि ग्रामीणों को बिजली बिल तो जारी हो रहा है लेकिन ग्रामीण बिजली बिल जमा नहीं कर रहे हैं। जब विभाग ने अरदा व पौंसरा गांव के ग्रुप को हटाकर उन्हें ग्राम बेला के ग्रुप में जोड़ा तो या मामला सामने आया है तो वहीं भारी भरकम बिल देखकर ग्रामीण सकते में हैं।

### किश्त व स्लेब की मिलेगी सुविधा

ग्राम बेला के आश्रित गांव फूटामुड़ा, खेतार और गहनिया के लगभग डेढ़ सौ से 200 उपभोक्ताओं को अरदा व पौंसरा ग्रुप में जोड़ दिया गया था उन्हें प्रति महीना बिल तो जारी होता था लेकिन उन्हें मिल नहीं पाता था। जिसके चलते यह स्थिति निर्मित हुई थी। अब उन्हें बेला के ग्रुप में जोड़ा गया है जिसके चलते उन्हें बिल मिल रहा है तब मामला सामने आया है। मामले की जांच के बाद अब उन ग्रामीणों को स्लैब व किश्त की सुविधा दी जाएगी।

**-पीएल सिदार**, अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण विभाग कोरबा

# कनकेश्वर धाम जा रहे युवक को हाईवा ने लिया चपेट में, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार की रात एक युवक अपने साथियों के साथ पैदल राताखार से कनकेश्वरधाम कनकी जा रहा था कि राताखार के समीप पहुंचा था कि इसी दौरान एक हाईवा के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे हाईवा भी सीधे युवक के ऊपर पलट गई जब तक युवक को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जाता कि बीच रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्यापुरी निवासी दीप साहू उम्र 25 वर्ष पिता धनेश साहू अपने साथियों के साथ पैदल रविवार की रात कनकी जा रहा था। रात लगभग 1 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत राताखार बायपास रोड पर पहुंचा था कि इसी दौरान सड़क से गुजर रही हाईवा क्रमांक सीजी 12 बीपी 0312 अचानक युवक को अपनी चपेट में ले लिया और सीधे हाईवा उसी के ऊपर पलट गई। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई और दीप साहू को तत्काल किसी तरह हाईवा से बाहर निकालकर उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### खास बात

- रविवार की रात कोतवाली थाना क्षेत्र के राताखार के समीप हुआ हादसा

### बाइक को माजदा ने मारी टक्कर, मौत




चोटिया चौक के समीप सड़क पार कर रहे एक मोटरसाइकिल सवार को स्वराज माजदा के चालक ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दुर्घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झिनपुरी निवासी बलजोर श्याम 42 वर्ष पिता रघुवीर सिंह श्याम अपने मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से आ रहा था कि सुबह वह चोटिया चौक को पार कर रहा था इसी दौरान स्वराज माजदा क्रमांक सीजी 04 पी 2645 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार बलजोर श्याम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले स्वराज माजदा के चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जहर खाने से विवाहिता की मौत, प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है तो वहीं विवाहिता के मायके पक्ष वालों ने उसके ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि मामला आखिर क्या है।

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झाबर निवासी वंदना 30 वर्ष पति लक्ष्मी नारायण ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों को पता चला कि उसने जहर खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है। आनन फानन में परिजन उसे मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। मृतका वंदना के मायके पक्ष वालों ने उसके ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है और कहा है कि उनकी प्रताड़ना और मारपीट से परेशान होकर वंदना ने आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# ऊंचाई से गिरकर ठेका श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 29 वर्षीय ठेका श्रमिक सीएसईबी पश्चिम के पावर प्लांट में काम कर रहा था। इसी दौरान ऊंचाई से सीधे नीचे आ गिरा। युवक को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी पावर प्लांट की है। यहां निवासरत सुरेश पुरी गोस्वामी 29 वर्ष पिता काशीराम गोस्वामी के.के. कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करता था और रविवार की दोपहर कन्वेयर बेल्ट की ऊंचाई में चढ़कर काम कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर स्लिप हो गया और सीधे नीचे आ गिरा। घटना के होते हैं मौके पर मौजूद लोगों ने उसे आनन फानन में उपचार के लिए सीधे मेडिकल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही पर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले में जांच शुरू कर दी है।


## प्रतिबंधित अवधी में हो रहा है जलाशयों में मछली का शिकार

# अंबिकापुर से बस में हो रही थी मछली की तस्करी, विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंबिकापुर एवं अन्य जिलों से यात्री बस से बिना किसी वैध दस्तावेज के मछलियों की तस्करी के मामले में मत्स्य विभाग के विभागीय टीम के द्वारा सोमवार को गोपालपुर में कार्यवाही की गई। जिसमें यात्री बस में थर्माकोल के बड़े कार्टून में मछिलयों को रखा गया था। जांच के दौरान मछली का वास्तविक खरीदार नहीं आने के कारण उसे जप्त करने की वैधानिक कार्यवाही की गई।

मत्स्य विभाग के द्वारा जिले के ग्रामीण अंचलों के जलाशयों में मछली बीज उत्पादन के लिए बीज डाले गए हैं और उनमें शिकार को प्रतिबंधित किया गया है। 15 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंधित घोषित किये जाने के बाद भी चोरी छिपे मछली मारने जैसी घटनाएं विभाग को मिल रही थी। 10 जुलाई से विभाग के द्वारा विभागीय स्तर पर पुलिस के सहयोग से बांगो माचाडोली में कार्यवाही की गई थी। इसके बाद से विभाग अन्य जिलों से यात्री बसों में आने वाली मछलियों के खेप पर भी नजर रखना शुरु कर दिया था। इस दौरान सोमवार को मत्स्य विभाग के सहायक संचालक केके बघेल को अंबिकापुर से आने वाली जय बजरंग बस सर्विस सीजी 15 एबी 0731 में मछली लाए जाने की सूचना मिली। इस पर विभाग के मत्स्य निरीक्षक कासिम खान, कुमारी टिकेश्वरी ⏭ शेष पेज 3 पर



थर्माकोल बॉक्स में जप्त मछलियां।



कार्यवाही करते हुए मत्स्य निरीक्षक।

### अवैध परिवहन पर कार्रवाई

15 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध है। इस अवधी में मछली के अवैध परिवहन की भी कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को अंबिकापुर से आने वाली जय बजरंग बस सर्विस में ऐसी कार्यवाही की गई है जिसमें मछलियां बिना किसी वैध दस्तावेज के लायी जा रही थी।

**-केके बघेल,**
सहायक संचालक मत्स्य विभाग

### तकनीकी समिति का गठन

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा जल प्रदाय योजना के विस्तार हेतु जिला खनिज संस्थान न्यास को विस्तृत प्राक्कलन प्रेषित किया गया है। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास अजीत वसंत द्वारा उक्त कार्य में जल की गुणवत्ता, जल का इन्टेक एवं वार्डो में जल आपूर्ति की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्राप्त प्राक्कलन का वित्तीय, भौतिक तथा तकनीकी परीक्षण करने हेतु तीन सदस्यीय तकनीकी समिति गठन किया गया है। जिसमें कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग जिला कोरबा शामिल हैं। उक्त समिति को जांच कर प्राक्कलन के संबंध में अभिमत सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सेनिटेशन वर्कशाप का आयोजन

**बिलासपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता जागरूकता अभियान के अलावा रेलवे कार्यालयों में श्रमदान के साथ सेनिटेशन वर्कशाप का आयोजन किया गया। सोमवार को मंडल के वाणिज्य एवं चिकित्सा विभागों के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन परिसर, आसपास के क्षेत्रों तथा रेल कालोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें रेल परिसर एवं निकटवर्ती क्षेत्रों में श्रमदान के माध्यम से स्टेशन परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कर्मचारियों व यात्रियों को प्रेरित किया गया। रेल पटरियों के निकट एवं उनके आसपास श्रमदान करते समय सुरक्षा के सभी आवश्यक उपाय अपनाए गए। वर्कशाप में स्वच्छता से जुड़ी व्यवहासिक जानकारियां प्रदान करने के साथ कर्मचारियों को स्टेशन परिसर, कार्यालयों, वर्कशाप पर स्वच्छता बनाए रखने प्रोत्साहित किया गया।

### स्टेशन के सफर को सहेजने जनसहयोग

**बिलासपुर।** जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर का विकास वर्तमान में 400 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत स्टेशन को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाओं से युक्त एक आधुनिक टर्मिनल के रूप में विकसित करने का काम हो रहा है। रेल प्रशासन का उद्देश्य न केवल भौतिक ढांचे का विकास है बल्कि इस ऐतिहासिक स्टेशन की विरासत को भी संजोकर रखना है। इसके लिए बिलासपुर बल्कि संपूर्ण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिक्षेत्र में निवास करने वाले जनमानस से अनुरोध किया गया है कि जिनके पास बिलासपुर रेलवे स्टेशन की पुरानी या ऐतिहासिक तस्वीरें, दस्तावेज या स्मृतियां सुरक्षित हैं, वे रेलवे के मुख्यालय में पदस्थ मुख्य प्रचार निरीक्षक संजय पाण्डेय और बिलासपुर रेल मंडल में वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक अंबिकेश साहू से इन्हें साझा कर इस ऐतिहासिक धरोहर को संजोने में रेलवे का सहयोग कर सकते हैं।

### स्पेशल ट्रेन परिचालन में किया गया विस्तार

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय त्यौहार में रेल यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने उधना सूरत एवं खुर्दा रोड ओडिशा के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार किया है। यह गाड़ी 09059/09060 उधना-खुर्दा रोड और खुर्दा रोड-उधना साप्ताहिक स्पेशल 1 अगस्त तक चल रही थी, जिसका परिचालन में विस्तार करते हुए 26 सितम्बर तक कर दिया गया है। 09059 उधना-खुर्दा रोड साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 6 अगस्त से 24 सितम्बर तक और विपरीत दिशा में 09060 खुर्दारोड-उधना साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 8 अगस्त से 26 सितम्बर तक होगा।

### मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष बने कमलेश

**बिलासपुर।** दपूमरे मजदूर संघ बिलासपुर जोन का द्विवार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ। द्विवार्षिक अधिवेशन में जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से जोनल पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। इसमें जोनल अध्यक्ष कमलेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विवेकानंद चंद्रा, उपाध्यक्ष युवराज कुमार साहू, सोनप्रभा तिवारी, ईश्वर जंघेल, जोनल महामंत्री त्रिमलेश नायडू, सहायक महामंत्री नूतन कुमार वर्मा, बसंत महापात्रो, जीएस कैवर्त, नीलम मिश्रा, चांगो बोरकर, कोषाध्यक्ष अभिषेक रेड्डी, संगठन मंत्री दीपक जरगर, जोनल सदस्य विनोद पाल बंकर, राकेश पटेल, राजेश्वर नागपुरे, के श्रीधर थे।

---

**अब गोदामों में रखा-रखा सड़ेगा डीएपी** — हो चुका खाद का छिड़काव अब किसानों को इसकी जरूरत ही नहीं

# वाह रे व्यवस्था...पूरा सीजन पार होने के बाद अब आया डीएपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




खरीफ सीजन में धान की फसल में छिड़काव के लिए किसानों में इस साल डीएपी के लिए हाहाकार मचा रहा, लेकिन जिले में इसकी पूर्ति नहीं की जा सकी। अब जब फसल में खाद का छिड़काव लगभग किया जा चुका है, जो जिले में डीएपी की सप्लाई आ रही है। सहकारी समितियों की ओर से मांग आने पर इसकी सप्लाई की जाएगी।

- डीएपी के लिए किसानों में इस साल मचा रहा हाहाकार

सरकारी व्यवस्था कैसी होती है? यह डीएपी की वर्तमान उपलब्धता से पता चल रही है। सहकारी समितयों में खाद का वितरण मई महीने में जोरों से किया जाता है। इस साल भी किसानों ने मई महीने से ही खाद का उठाव प्रारंभ कर दिया था। बीते साल जिले में डीएपी के भंडारण का लक्ष्य 6917 मीट्रिक टन था, लेकिन इस साल के लिए यह लक्ष्य कम करते हुए 5649 मीट्रिक टन कर दिया गया। जिले में इस साल डीएपी की भारी किल्लत को ध्यान में रखते हुए डीएपी के भंडारण लक्ष्य में और भी कमी कर दी गई थी, जिससे यह 3300 मीट्रिक टन पर आ गया। इसके बाद भी किसानों को डीएपी उपलब्ध नहीं कराया जा सका।

इतना सब कुछ होने के बाद जब किसानों ने जैसे-तैसे अपने खेतों में अलग-अलग खाद का छिड़काव पूरा कर लिया है, तो जिले में डीएपी की सप्लाई आई है। विपणन विभाग के अनुसार बीते दिनों 600 मीट्रिक टन डीएपी की खेप आई, जिससे जिले में डीएपी की वर्तमान उपलब्धता अब करीब 900 मीट्रिक टन है। विभाग के अनुसार किसानों की मांग के आधार पर डीएपी चाहने वाली सहकारी समितियों को आरओ व डीडी प्राप्त कर डीएपी जारी किया जा सकेगा।

### पूरा सीजन विकल्प बताने में निकल गया

किसानों द्वारा लगातार डीएपी की मांग करने पर कृषि विभाग, सहकारी समितियां एवं मार्कफ्रेड के अधिकारी किसानों को डीएपी का विकल्प बताते रहे। इसके अंतर्गत एनपीके व नैनो डीएपी जैसे नाम प्रमुखता से सामने आए। किसानों ने मजबूरी में इनका उपयोग भी किया। इस दौरान किसानों को अलग-अलग खाद को संतुलित मात्रा में मिलाने जैसी माथापच्ची भी करनी पड़ी। इतना सब करने के बाद अब जिले में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता बताई जा रही है, जबकि अब इसकी जरूरत ही नहीं है।

### रबी के लिए पड़ती है जरूरत

अभी करीब 900 मीट्रिक टन डीएपी की उपलब्धता है। सहकारी समितियों को मांग के आधार पर दे दिया जाएगा। खरीफ के बाद किसानों को रबी के लिए भी डीएपी की जरूरत पड़ती है, उस समय भी दिया जा सकेगा। वैसे डीएपी और एनपीके की एक्सपायरी डेट एक से डेढ़ साल की होती है, जिससे अगले सीजन तक के लिए इसका सुरक्षित भंडारण करके रखा जा सकता है।

**-शंभु कुमार गुप्ता,** डीएमओ

---

बच्चे और गर्भवती महिलाओं को लेकर भी उदासीनता बरत रहे स्टाफ

# डाक्टर नदारद, सोनोग्राफी ताले में बंद एक्स-रे मशीन साल भर से चादर में लिपटी

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का हाल बदतर हो चुका है। सरकार की ओर से यहां संसाधन और डाक्टर उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए तरसना पड़ रहा है। हाल यह है कि प्राथमिक स्वास्थ्य के डाक्टरों को मिलाकर 15 से अधिक डाक्टर हैं, लेकिन सोमवार की सुबह 9 से 11 बजे तक यहां एक भी डाक्टर मौजूद नहीं था। 11.15 बजे डॉ निकिता कंवर पहुंचीं और जाकर ओपीडी में बैठीं। गौर करने के वाली बात यह है कि सीएचसी में भरपूर स्टाफ होने के बाद भी मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है, कई मरीज दर्द से तड़प रहे हैं, इसके बाद भी स्टाफ और डाक्टरों को तरस नहीं आ रहा है।

- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्हा का हाल

बिल्हा स्वास्थ्य केन्द्र जिले का सबसे बेहतर स्वास्थ्य केन्द्र होने का तमगा पा चुका है, लेकिन यहां मरीजों से इलाज के बारे में पूछने पर हकीकत पता चलती है। मरीज सुबह 9 बजे से पर्ची कटाकर ओपीडी की लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन डाक्टरों का अतापता नहीं रहता है। सोमवार को हरिभूमि की टीम यहां पहुंची, तो स्त्रीरोग विशेषज्ञ, आर्थोपेडिक, दंत चिकित्सक, शिशु रोग विशेषज्ञ, जनरल ओपीडी में डाक्टर मौजूद नहीं थे। अस्पताल में पूछने पर पता चला कि यहां 11 डाक्टर पदस्थ हैं और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टर भी आते हैं, लेकिन 15 में से एक भी डाक्टर मौजूद नहीं था। सवा 11 बजे के बाद डा. निकिता कंवर और डा. अजय पंड्या आए। इस समय यहां 250 से अधिक मरीज ओपीडी में डाक्टरों का इंतजार कर रहे थे, इसमें पेट दर्द की शिकायत, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे मौजूद थे।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हा में डॉक्टरों का इंतजार करते ओपीडी में खड़े मरीज। फोटो प्रकाश परिहार।

### एक्सरे मशीन साल भर से खा रही धूल

सीएचसी में डिजिटल एक्सरे की व्यवस्था है, लेकिन फिल्म नहीं होने के कारण पिछले 1 साल से एक्सरे धूल खा रही है। डाक्टरों ने उसे चादर में लपेट कर रख दिया है। वहीं पुरानी मशीन से एक्सरे निकाला जा रहा है, जिसे डेव्लप करने में ही 20 मिनट लग रहे हैं, ऐसे में मरीजों को घंटों इंतजार में बैठा रहना पड़ता है। कई बाद दूसरे दिन एक्सरे फिल्म मिलती है, रिपोर्ट तो डाक्टर कभी नहीं देते हैं। यही हाल सोनोग्राफी मशीन का है, इसका उपयोग महज गायनिक मरीजों के लिए किया जाता है। पुरूष मरीज आने पर सोनोग्राफी तक नहीं की जाती है। सोनोग्राफी मशीन भी ताले में बंद मिली है।



### इन डॉक्टरों की है पदस्थापना

- डॉ. निकिता कंवर- देर से पहुंची
- डॉ पकंज साहू-आफ
- डॉ गीता प्रधान-मौजूद नहीं
- डॉ मनमीत थवाइत- ऑफ
- डॉ अजय पाड्या- देर से पहुंचे
- डॉ अदिती गढेवाल- छुट्टी
- डॉ मिनाक्षी पटेल- छुट्टी
- डॉ मनीषा देवांगन-छुट्टी
- डॉ सान्या तिवारी- मौजूद नहीं
- डॉ हिमांशी पांडेय-छुट्टी
- डॉ नेहा वर्मा- मौजूद नहीं

### परीक्षा चल रही है

डाक्टरों के पीजी की परीक्षा चल रही है, इसलिए छुट्टी पर हैं। डाक्टरों की कमी बनी हुई है, इसकी जानकारी आला अधिकारियों के साथ ही स्वास्थ्य मंत्री तक को दी गई है। रिजेंट नहीं मिलने से जांच बंद है और फिल्म की सप्लाई नहीं हुई है, इसलिए एक्सरे नहीं हो रहा है।

**-डॉ एसके गुप्ता,** बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

### की जाएगी कार्रवाई

बिल्हा सीएचसी में भरपूर स्टाफ है, इसके बाद भी कोताही बरती जा रही है, बीएमओ से इस बारे में बात की जाएगी। कार्रवाई भी की जाएगी।

**-डॉ शुभा गढ़ेवाल,** सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### डा. गढ़ेवाल भी थीं पदस्थ

बिल्हा सीएचसी में कई सालों तक वर्तमान सीएमएचओ डॉ. शुभा गढ़ेवाल बीएमओ के पद पर रह चुकी हैं, जब तक डॉ. गढ़ेवाल थीं, सीएचसी की छवि प्रदेश भर के स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर रही है, लेकिन उनके यहां से जाने के बाद से अव्यवस्था का आलम चरम पर है। डाक्टरों ने निजी अस्पताल खोल रखा है। बताया जा रहा है कि अस्पताल के 3 डाक्टरों की निजी क्लीनिक महज 50 मीटर के दायरे पर है।

### किस काम की व्यवस्था

अस्पताल में शल्य चिकित्सा वार्ड है, लेकिन महिला और पुरूष दोनों ही वार्ड में एक भी मरीज भर्ती नहीं है। एक स्टाफ ने बताया कि रात में कोई भी डाक्टर मौजूद नहीं होता है, इसलिए मरीज भर्ती होने से घबराते हैं। यह विडंबना ही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 24 घंटे डाक्टरों की उपस्थिति अनिवार्य है, फिर भी डाक्टर ड्यूटी को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं। हालत यह है कि बीएमओ स्वयं ही सोमवार को अस्पताल में मौजूद नहीं थे, पता करने पर बताया गया कि वे हरदी कला गए हुए हैं।

### इसलिए जांच बंद..

स्वास्थ्य विभाग ने लाखों रूपए खर्च कर हमर लैब की स्थापना कराई है। जिला अस्पताल के बाद बिल्हा सीएचसी में ही इसकी व्यवस्था है, दावा किया गया था कि 71 तरह की जांच रिपोर्ट मिनटों में मिल सकेगी, लेकिन इसका उलट हो रहा है। सीजीएमएससी से रिजेंट नहीं मिलने पर हिमैटालॉजी, माइक्रोबॉजी, सिरोलॉजी, बायो केमेस्ट्री, लिपिड प्रोफाइल, थाइराइट, विटामिन की जांच बंद हो चुकी है। वर्तमान में महज 11 से 12 जांच ही हो पा रही है।

### दो मवेशी मालिकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सड़क पर मवेशी छोड़ने वाले दो मालिकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा



पुलिस के अनुसार, नगर पालिका बोदरी के कर्मचारियों के द्वारा नेशनल हाइवे में घूमने वाले मवेशियों को पकड़ने में लगे हुए। लावारिश मिलने वाले मवेशियों को गौठान में छोड़ा जा रहा है। 2 अगस्त को कर्मचारी ने नेशनल हाइवे में 2 मवेशियों को पकड़ा गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि उक्त मवेशी बहोरन यादव पिता सुंदर यादव सकरी, लक्ष्मी प्रसाद यादव पिता मंगलूराम यादव बिरकोनी निवासी का है। कर्मचारियों ने मवेशियों को गौठान में छोड़कर उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। नगर पालिका के भारती साहू पति एलएन साहू ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दोनो मवेशी मालिकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। एक दिन पहले पुलिस लाइन के पास सड़क में मवेशी घूमने मिलने पर मवेशी मालिक के खिलाफ सिविल लाइन थाने में जुर्म दर्ज किया गया था।

### 6 लाख के पाट्‌र्स निकाल कर भाग गए कर्मचारी

**बिलासपुर।** प्लाट में खड़ी मशीन से 6 लाख का पाट्‌र्स निकालकर कर्मचारी भाग गए हैं। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, गोंड़पारा निवासी दीपांशु श्रीवास्तव पिता स्व. दिलीप श्रीवास्तव ने रिपोर्ट लिखाई। उनका छतौना रोड गोल्डन पार्क के बाजू में प्लाट है। प्लाट में एक कीमती मशीन रखी है। उन्होंने आरोप लगाया है उनका कर्मचारी शेख जाहिद खान पिता शेख मुस्ताक खान विजय राघवगढ़ कटनी निवासी व अन्य लोग मशीन में लगे सीबीसी वेट मीटर, प्रिंटर, सेसर रिवर्सकैरा, हाइड्रोलिक पंप व अन्य सामान चोरी कर भाग गए हैं। चोरी गए सामान की कीमत 6 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने शेखा जाहिद एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 306 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

# गैरेज के सामने से ट्रक हटाने कहा तो दो भाइयों सहित तीन को पीटा

**खुद को बताया लालखदान का संजय पाण्डेय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गैरेज के सामने से ट्रक हटाने कहने पर उसमें सवार युवक मैं लाल खदान का संजय पाण्डेय हूं ... तुमको औकात दिखाता हूं कहते हुए अपने गुर्गों को बुलाकर गुण्डागर्दी करते हुए दो भाईयों व उनके बेटे की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, सिद्धि विनायक नगर घुरू निवासी राहुल विश्वकर्मा ने रिपोर्ट लिखाई। उनका रायपुर रोड गरम तवा रेस्टोरेंट के सामने परसदा में मोटर गैरेज है। 4 अगस्त की दोपहर 3.30 बजे एक ट्रक उनके गैरेज के सामने आकर खड़ा हो गया। उन्होंने गैरेज के सामने से ट्रक हटाने कहा तो उसमें बैठा व्यक्ति विवाद करने लगा। कुछ देर बाद फोन करके अपने गुर्गों को बुला लिया और गाली गलौज करते हुए गैरेज से लोहे का पाइप लेकर उनके पिता निवास विश्वकर्मा के साथ मारपीट करने लगा। उनके चाचा परशुराम विश्वकर्मा, भाई रोहित विश्वकर्मा बीच बचाव करने गए तो उनके साथ भी बेरहमीपूर्वक मारपीट की गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर संजय पाण्डेय एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### दूसरे पक्ष से भी मारपीट दो गंभीर सिम्स में भर्ती

बताया जाता है हमलावरों के साथ भी मारपीट की गई है, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना पर डायल 112 से घायलों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। बहरहाल दूसरे पक्ष के लोगों के द्वारा घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं कराई गई है।

# इंक्रीमेंट के बाद भी हजारों शिक्षकों को जुलाई में कम मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोश में सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं होने के कारण इंक्रीमेंट के बाद भी हजारों शिक्षकों को जुलाई में कम वेतन मिला है।

शिक्षकों के मुताबिक संचालनालय कोश लेखा एवं पेंशन के लापरवाही के कारण जुलाई माह में वेतन से अधिक कटौती हो गई तथा पिछले बेसिक पर ही एचआरए बनाया गया, साफ्टवेयर में इसमें भी संशोधन नहीं किया गया और इसी कारण लाखो शिक्षकों व कर्मचारियों को कम वेतन मिला। शिक्षक संघों ने इसके लिए जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई की मांग की है। दरअसल जुलाई महीना शासकीय कर्मचारियों के इन्क्रीमेंट का माह होता है, जिसका उनको कई दिनों/महीनों से इंतजार रहता है, की जुलाई में वेतन इन्क्रीमेंट लगकर मिलेगा। परंतु इस बार जुलाई माह का वेतन तो आया मगर वो खुशियां नही लाया।

**एचआरए में भी गड़बड़ी की गई:** शासन द्वारा एचआरए में भी गड़बड़ी की गई और साफ्टवेयर में सुधार नहीं किया गया।

जुलाई माह में वेतनवृद्धि लगने पर कर्मचारियों के एचआरए में भी वृद्धि होती है साफ्टवेयर में सुधार नहीं होने के कारण तथा डीडीओ द्वारा बिल बनाते समय कर्मचारी के ड्यूस सेक्शन में जाकर सुधार नहीं करने के कारण अधिकाशं जगह पिछले बेसिक पर ही एचआरए देकर वेतन बनाया गया, जिससे कर्मचारी को आर्थिक हानि हुई।

### प्रवेश प्रतिबंध का छात्रों ने किया विरोध

**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी विवि द्वारा अनुशासनहीनता व कार्य में बाधा डालने के आरोपों के साथ विवि के तीन पूर्व छात्रों का यूटीडी में प्रवेश प्रतिबंधित करने का मामला गरमाता जा रहा है। छात्रों ने इसका विरोध करते हुए आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

एयू के एलुमनी एसोसिएशन सचिव सूरज सिंह राजपूत ने इस मामले में कहा है कि विवि प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्र प्रतिनिधियों पर की गई कार्रवाई से विवि के हर वर्ग में रोष है। छात्रों पर दबाव बनाने इस तरह का आदेश जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय ने अनुशासनहीनता व कार्य में बाधा डालने के आरोप में यूटीडी के तीन पूर्व छात्रों सूरज सिंह राजपूत, नीरज यादव व सौरभ दुबे का विश्वविद्यालय परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। विवि प्रशासन के अनुसार तीनों पूर्व छात्र निरंतर कार्य में बाधा डाल रहे थे, इसके अलावा कर्मचारियों से बहस कर रहे थे और छात्रों को बरगला रहे थे। आदेश के अनुसार यदि इन छात्रों ने आदेश का उल्लंघन किया तो विवि विधिसम्मत कार्यवाही करेगा।

## झारखंड के खूंटी से गिरफ्तार किया गया डोडा सप्लायर

**वाड्रफनगर।** डोडा तस्करी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सप्लायर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। आरोपी किसानों से डोडा खरीदकर देशभर के विभिन्न राज्यों में बिक्री करता था।



बता दें कि बसंतपुर वाड्रफनगर पुलिस ने 8 जून को कार्रवाई करते हुए धनवार बेरियर पर जांच के दौरान ट्रक क्रमांक आरजे 19 जीजे 7447 से 14 क्विंटल 44 किलोग्राम डोडा बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर जांच के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने वाहन मालिक और चालक आरोपी मोती चौधरी, बंटी हुड्डा से पूछताछ के बाद खरीददार पश्चिम बंगाल कलकत्ता के माल्दा इंग्लिश बाजर निवासी 41 वर्षीय उत्तम राय आ. अभिनंदन राय को गिरफ्तार किया था। वहीं जब पुलिस ने आरोपी उत्तम राय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने रांची के ग्राम खूंटी साहिल से डोडा खरीदने की बात स्वीकार की। ऐसे में पुलिस टीम झारखंड रवाना हुई और रांची के खूंटी बिरहु निवासी 37 वर्षीय साहिल अनिल संगा आ. राम संगा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार रांची के खूंटी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किसान अफीम खेती कर रहे है।

### चोरों ने अस्पताल के सामने से पार किया दो बाइक

**अम्बिकापुर।** चोरों ने निजी व मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सामने से दो बाइक को पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम खैरबाद लौंगापानी निवासी विकास तिर्की आ. राजेन्द्र तिर्की (24 वर्ष) रविवार को भांजी का तबियत खराब होने पर उसे बाइक क्रमांक सीजी 15 डीबी 6913 से पुराना बस स्टैंड स्थित निजी अस्पताल गया था। युवक बाइक को अस्पताल के सामने खड़ा इलाज कराने चला गया। दोपहर को बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। युवक ने काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। सीसीटीवी कैमरा मे दोपहर 1 बजे अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले जाते नजर आया। युवक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में गंगापुर खुर्द निवासी विनय आनन्द्र कुजूर आ. स्व. विश्राम कुजूर (35 वर्ष) 1 अगस्त की शाम भाई गंगाराम को इलाज कराने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवाई 2496 से मेंडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आया और बाइक को पार्किंग में खड़ा कर उपचार कराने चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। प

# मल्टीलेवल पार्किंग स्व. बाजपेयी के नाम पर होगी

**बिलासपुर।** शहर सरकार की कैबिनेट ने सोमवार को हुई। इसमें तय किया कि नेहरु चौक से सरकण्डा को जाने वाली और चांटापारा से कुदूदण्ड जाने वाली इंदिरासेतु के पास चौराहे के समीप किनारे पर रिक्त स्थान में राष्ट्रमाता जीजाबाई भोसले के नाम पर चौक का नामकरण एवं जीजा माता साहेब की प्रतिमा स्थापित की जाएगी।



जोन कमांक 03 में बनी नवनिर्मित मल्टीलेवल पार्किंग बिलासपुर का नामकरण वरिष्ठ समाज सेवी स्व. पं. गंगा प्रसाद बाजपेयी के नाम पर होगा। जोन क्रमांक 04 के अंतर्गत भारतीय नगर गुम्बर पेट्रोल पंप से सेन्ट जेवियर्स तक की सड़क सीए स्ट्रीट कहलाएगी। इसके अलावा जोन कमांक 04 व्यापार विहार अंतर्गत तारबहार इंदिरा कॉलोनी वाली रोड बिलासपुर में शहीद अश्वनी प्रधान की प्रतिमा स्थापित होगी और तारबहार मोहल्ले के शासकीय प्राथमिक शाला घोड़ादाना स्कूल का नामकरण शहीद अश्वनी प्रधान के नाम पर किया जाएगा। इसके साथ ही जोन कमांक 4 के अंतर्गत व्यापार विहार तारबहार चौक के निकट महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खुदीराम बोस की मूर्ति स्थापना की जाएगी।

सोमवार को हुई एमआईसी की बैठक में फैसला लिया गया कि जोन कमांक 5 के अंतर्गत अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैण्ड जाने वाली टेलीफोन एक्सचेन्ज रोड का नामकरण श्री महाराजा अग्रसेन मार्ग होगा।

## खबर संक्षेप

### पैरोल पर निकला बंदी हुआ फरार एसएसपी ने की इनाम की घोषणा

**अंबिकापुर।** पैरोल पर बाहर निकले बंदी के फरार होने के मामले में एसएसपी सरगुजा ने आरोपी की गिरफ्तारी पर इनाम की घोषणा की है। फरार चल रहे बंदी की सूचना देने या पकडवाने में मदद करने वाले को 5 हजार रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा। पुलिस के अनुसार बीएनएस की धारा 262 का आरोपी बंदी पर्राडांड मोमिनपुरा निवासी सिराज आ. स्व.नूर मोहम्मद पैरोल पर बाहर निकला था और 10 नवम्बर 2024 तक उसकी पैरोल अवधि थी लेकिन आरोपी बंदी अवकाश के बाद वापस नहीं लौटा और फरार हो गया। सिराज के खिलाफ जेल नियमावली के बंदी छुट्टी नियम 1989 के नियम-11 की शर्तों को भंग करने पर अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश की जा रही थी लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। ऐसे में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी के सिर पर इनाम की घोषणा की है। आरोपी सिराज आ. स्व.नूर मोहम्मद के बारे में जानकारी देने या गिरफ्तारी कराने में सहयोग करने वाले को 5 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा।

### मोबाइल दुकान में चोरी, दो आपचारी बालक धराए

**अम्बिकापुर।** तातापानी चौकी अंतर्गत ग्राम धनगांव स्थित मोबाइल दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आपचारी बालकों को पकड़ा है। न्यायालय द्वारा दोनों आपचारी बालकों को बाल सुधार गृह भेजा गया है। ग्राम धनगांव स्थित मोबाइल दुकान में चोरों ने पीछे का रोशनदान तोड़कर 90 हजार मूल्य के 8 मोबाइल सहित अन्य सामग्रियों की चोरी की थी। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस बीएनएस की धारा 305,331 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को तलाश रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर आपचारी बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो बालकों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने आपचारी बालकों से 8 नग मोबाइल, ईयरफोन सहित कुल 92 हजार रूपए कीमत की सामग्री बरामद किया है। आपचारी बालकों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से दोनों को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, दो युवक घायल

**अम्बिकापुर।** ट्रैक्टर से खेत जुताई कर वापस लौटते समय ग्राम उमेश्वरपुर के समीप ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में वाहन के नीचे दबने से चालक की मौत हो गई जबकि सवार दो युवक घायल हो गया। घायलों का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम उमेश्वरपुर बांसपारा निवासी शिवनाराण गत दिन गांव के ही संजय सिरसो का खेत जुताई करने ट्रैक्टर लेकर ग्राम मनीहारीडांड़ गया था। ट्रैक्टर से खेत जुताई का काम पूरा कर अपने साथी भूपेन्द्र सिंह व संजय के साथ वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही ट्रैक्टर सवार उमेश्वरपुर बांसापारा मनीहारीडांड़ के मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दुर्घटना में चालक शिवनारायण वाहन के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि सवार संजय व भूपेन्द्र घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों का उपचार जारी है। इधर मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### नशे में पैसे मांगने को लेकर पति से विवाद, पत्नी ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** शराब के नशे में एक महिला ने अपने पैसे को वापस मांगने पर विवाद होने पश्चात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कुंजनगर गँवटियापारा निवासी 45 वर्षीय विमला भीमा पति शिवनारायण कन्हार रविवार को पति के साथ पहले शराब सेवन की, इसके पश्चात पति से अपने दिए हुए ढाई सौ रुपए वापस मांगने लगी,इसी बात पर दोनों में वाद विवाद हो गया और पति घर से बाहर निकल गया, कुछ समय बाद अपने मोबाइल को लेने वापस घर में लौटे पति ने देखा कि उसकी पत्नी घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा व पीएम उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द किया एवं मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

### लवकुश जयंती को लेकर कुशवाहा समाज की बैठक

**भैयाथान।** कुशवाहा समाज द्वारा भगवान कुश की जयंती धूमधाम से 14 अगस्त को सूरजपुर स्थित हीरालाल साधुराम सेवा कुंज में मनाई जाएगी। कुशवाहा युवा एकता सेवा कल्याण मंच व कोइरी कुशवाहा समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियां जोरों पर है। अभी तक 10 से अधिक गांवों में बैठकें हो चुकी है। इस कड़ी में करौंदामुड़ा में बैठक हुई जिसमें समारोह की रूपरेखा तय की गई सदस्यों से सुबह 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर सपरिवार उपस्थित होने के लिए कहा गया।

## अतिक्रमण करने वालों पर निगम लगातार निगम कर रहा कार्रवाई

# गंदगी फैलाने वाले 6 लोगों पर हुई कार्रवाई, लगा 20 हजार का अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थल पर कचरा डालने, गंदगी करने एवं नाली, फुटपाथ व सड़क पर प्रदर्शन व विक्रय सामग्री रखकर अवैध कब्जा करने, यातायात व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में यातायात विभाग के साथ मिलकर निगम की एक्शन टीम ने टीपी नगर क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए 6 प्रतिष्ठानों व व्यक्तियों पर 20 हजार रूपये की अर्थदण्ड लगाया।

उल्लेखनीय है कि आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के सतत मार्गदर्शन में शहर की व्यवस्थाओं की दुरूस्तगी, अतिक्रमण व अवैध कब्जे से मुक्ति एवं साफ-सफाई हेतु निगम की एक्शन टीम लगातार कार्यवाही कर रही है। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय स्वयं सुबह-सुबह शहर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए समस्याओं के निराकरण एवं शहर की व्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं उनके कुशल मार्गदर्शन में एक ओर जहां निगम के सभी 7 जोन के जोन कमिश्नर सुबह 7 बजे से अपने-अपने जोन की टीम को लेकर वार्ड व बस्तियों में दस्तक देते हुए समस्याओं व व्यवस्थाओं का जायजा लेकर इन्हें सुधारने का कार्य कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निगम की एक्शन टीम अतिक्रमण अवैध कब्जे व गंदगी करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी शहर में दिखाई पड़ने लगे हैं, व्यवस्थाएं क्रमशः सुधर रही हैं। इसी कड़ी में निगम के टीपी नगर जोनांतर्गत एक्शन टीम ने कार्यवाही की तथा 6 प्रतिष्ठानों पर 20 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया।



कार्यवाही करती यातायात व निगम की संयुक्त टीम।

### बुधवारी बाजार में भी हुई कार्रवाई

बुधवारी सब्जी बाजार में सब्जी व फल विक्रेताओं द्वारा उत्सर्जित कचरे को खुले में फेंक दिया जाता है, जिसके कारण बाजार में गंदगी व्याप्त होती है, वहाँ पर भी निगम लगातार कार्यवाही कर रहा है, सब्जी विक्रेताओं को लगातार समझाईश भी दी जा रही है कि वे अपने दुकानों में बडे साईज के डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें, दुकानों से उत्सर्जित कचरे को डस्टबिन में ही डालें, इसके बावजूद कतिपय सब्जी विक्रेताओं द्वारा कचरे को खुले में फेंक दिया जा रहा है, आज बाजार के सब्जी विक्रेता राजेश कुमार साहू द्वारा खुले में कचरा फेंकने के कारण उन पर 1 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों में सड़क पर रेत, गिट्टी रखने, सी.एण्ड डी.वेस्ट की डम्पिंग करने पर भी निगम ने कार्यवाही की तथा संबंधितों पर अर्थदण्ड लगाया व कड़ी हिदायत दी।

### इन पर हुई कार्रवाई

वार्ड क्र. 15 टीपी नगर में शंकर टायर्स के द्वारा नाली के ऊपर टायर डम्प किए गए थे, जिन पर निगम की एक्शन टीम ने 5 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया। इसी प्रकार उसी क्षेत्र में दादूराम सेनेटरी प्रतिष्ठान के द्वारा नाली के ऊपर पानी टंकी व पाईप आदि रखकर अतिक्रमण किया गया था, उक्त प्रतिष्ठान पर भी 5 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया, वहीं मोहम्मद नूर आलम के द्वारा रोड में मोटर पाट्‌र्स रखकर अतिक्रमण किया गया था, उन पर भी 5 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया गया। इसी प्रकार टी.पी.नगर क्षेत्र में ही रितु आटो पाट्‌र्स के द्वारा रोड में पेवर ब्लाक लगाकर अतिक्रमण किया गया था, उन पर भी 1 हजार रूपये अर्थदण्ड लगाया गया, वहीं क्लासिक सीट मेकर्स के द्वारा सड़क में टाईल्स व पोल लगाकर अवैध कब्जा किया गया था, जिस पर 2 हजार रूपये का अर्थदण्ड आरोपित हुआ, वहीं मारवाड़ी थाली राजस्थानी प्रकाश भोजनालय द्वारा रोड में बैनर लगाए गए थे, उक्त प्रतिष्ठान पर भी 2 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया तथा किए गए अतिक्रमण व अवैध कब्जों को हटवाया गया।

## सेंट जेवियर स्कूल में लगी यातायात पुलिस की पाठशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में सुगम, सुरक्षित व सुखद यातायात के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में यातायात पुलिस द्वारा सड़कों पर यातायात प्रबंधन एवं व्यवस्था का कार्य लगातार किया जा रहा है, साथ ही लोगों में यातायात नियमों के प्रति जनजागृति लाने के लिए, समय समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को सेंट जेवियर स्कूल में 9वीं से 12वीं तक के छात्र– छात्राओं के लिए यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जहां यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई। यातायात एएसआई मनोज राठौर ने छात्र-छात्राओ से जीवन मूल्यों, सड़क सुरक्षा, अनुशासन, अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी साझा की। छात्र छात्राओं को इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, एजुकेशन, इमरजेंसी केयर के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क सुरक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि यदि आप नियमों का जिम्मेदारीपूर्वक पालन करेंगे तो आप एक अच्छे नागरिक बनेंगे और आप इस तरह अन्य लोगों को भी प्रेरित कर पाएंगे। मेरी आप सभी बच्चों से यही अपेक्षा है कि आप जीवन में मेहनत के बल पर अपने लक्ष्य को हासिल करेंगे। आपको जीवन में यदि सफल होना है तो भरसक प्रयास और लगातार मेहनत करनी होगी। मनोज राठौर ने छात्र छात्राओं से अपील की कि आप सभी अपने परिवारजनों व अन्य लोगों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करें। आपके पेरेंट्स दोपहिया पर घर से निकले तो आप उन्हें हेलमेट पहनने को कहे। यदि चार पहिया पर सफर कर रहे है तो सीट बेल्ट धारण करने को कहे। जब भी वो नियमों का उल्लंघन करें तो उन्हें टोकें। इस दौरान दुर्घनाओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए दुर्घनाओं के दुष्परिणामों से रूबरू करवाया गया और कहा कि आप देश का भविष्य है, यदि आपको कोई हानि होती है तो यह तो देश की क्षति है, क़ई युवा सड़क हादसों में जान गवा देते है। हर साल लाखों युवा सड़क हादसे में अपनी जान गवा देते है। यह स्वयं का कर्तव्य है कि हम नियमो का पालन करें।

### सशिमं के छात्रों ने लिया पौधरोपण का संकल्प

**कुसमुंडा।** पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाते हुए मारवाड़ी युवा मंच दर्री, जमनीपाली एवं जैलगांव शाखा के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रगतिनगर में विद्यार्थियों के बीच निबंध लेखन, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति चेतना जागृत करना और उन्हें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव देना रहा। इस अवसर पर मंच की ओर से अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय निवर्तमान अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक विकास अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन अंजय अग्रवाल, सह संयोजक अरुण केडिया, दर्री-जमनीपाली शाखा अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, पूर्व सचिव अक्षत अग्रवाल, सदस्य सुमित अग्रवाल व आकाश अग्रवाल एवं विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल अपने समस्त स्टाफ सहित उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मंच पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया,

## मिट्टी कटाव रोकने खोलार नाला तट पर रिटेनिंग वॉल बनवाने प्रशासन करे पहल : जयसिंह



प्रभावित स्थल का निरीक्षण करते पूर्व राजस्व मंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कलेक्टर व निगम आयुक्त को पत्र लिखकर निगम अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 64 में प्रेमनगर से होकर प्रवाहित हो रहे खोलार नाला के किनारे बसाहट वाले इलाकों में सुरक्षा की दृष्टि से प्राथमिकता के आधार पर आरसीसी रिटेनिंग वॉल बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया है।

जयसिंह अग्रवाल ने पत्र में लिखा है कि 1 अगस्त को उन्होंने उस क्षेत्र का दौरा किया था। उन्होंने स्वयं देखा है कि अन्य समस्याओं के अलावा लोगों के जान-माल की सुरक्षा की दृष्टि से खोलार नाला के किनारों पर बरसात के तेज बहाव वाले पानी की वजह से मिट्टी का कटाव तेजी से हो रहा है। यदि ऐसा ही क्रम जारी रहा तो शीघ्र ही नाला के किनारे बसाहट वाले क्षेत्र के लोगों के समक्ष उनके मकानों के अलावा जान का भी जोखिम उत्पन्न हो सकता है। ऐसी स्थिति में प्रशासनिक स्तर पर तत्काल सुरक्षात्मक उपाय किए जाने की आवश्यकता है। पूर्व मंत्री ने प्रेमनगर बस्ती के लोगों की जान-माल की सुरक्षा की दृष्टि से मिट्टी का तेजी से हो रहे कटाव वाले क्षेत्र में आरसीसी रिटेनिंग वॉल बनाए जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा है कि प्रशासन इसके लिए आपदा प्रबंधन मद अथवा अन्य मद से फंड की व्यवस्था कर तत्काल संबंधित विभाग को कार्य करने के लिए निर्देशत करे।

### बिजनेस न्यूज

### केबी ऑटोमोबाइल्स में न्यू एचएफ डिलक्स प्रो का किया गया लॉच



**कोरबा।** हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड की एक नई मोटरसाइकिल न्यू एचएफ डिलक्स प्रो का आधिकारिक लॉन्चिंग हीरो शो-रूम केबी ऑटोमोबाइल्स कबीर चौक गेवरा बस्ती कुसमुंडा में सोमवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि हाजी नूर मोहम्मद आरबी पूर्व सदस्य उर्दू आयोग छग शासन, श्रीमती सुनीता पाटले प्रदेश मंत्री अजा मोर्चा, मुकुल कर्ष प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य पिव मोर्चा, लखन राठौर पूर्व महामंत्री एवं पूर्व पार्षद, संजय कुमार पांडेय प्रोपाइटर-पाण्डेय रोड लाइंस कुसमुंडा, सुखदीप सिंह भाजपा प्रदेश समिति सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा, कमलेश प्रधान युवा भाजपा नेता, विकेश झा भाजपा महामंत्री बाँकीमोंगरा मण्डल, मन्नू राठौर युवा भाजपा नेता, पार्षद तेजप्रताप सिंह, राजकुमार कँवर, राजेश पटेल, संतोष कुमार राठौर, मैकेनिक उपस्थित रहे। सेल्स स्टाफ के द्वारा उपस्थित सभी को न्यू मॉडल्स की खासियत बताई गई एवं फ्री टेस्ट ड्राइव भी करवाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन केबी आटोमोबाईल्स के प्रोपराइटर हाजी इरफान नूर आरबी ने किया।

### पॉवर हाइट्स सोसायटी में मनाया गया सावन उत्सव



**कोरबा।** पॉवर हाइट्स सोसायटी में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सोसायटी की महिलाओं ने मेंहदी का प्रोग्राम भी रखा। सोसायटी की महिलाओं ने सावन उत्सव में डांस एवं गीत संगीत से सबका मन मोह लिया, सोसायटी की महिलाओं के द्वारा सावन उत्सव में कैटवॉक भी किया गया। लॉटरी के माध्यम से सावन क्वीन का चुनाव किया गया जिसमें प्रथम स्थान मिसेज मीतू झा को सावन क्वीन चुना गया। द्वितीय स्थान में मिसेज ज्योति एवं तृतीय स्थान में मिसेज आरोही राय ने सावन क्वीन का खिताब अपने नाम किया। सोसायटी में सावन उत्सव को सफल बनाने में श्रीमती ममता श्रीवास्तव, श्रीमती पूनम स्वर्णकार, श्रीमती शांभवी द्विवेदी, श्रीमती निशा सोनी, श्रीमती मीतू झा, श्रीमती वर्षा तिवारी, श्रीमती सरोज भगत, श्रीमती सुनीता प्रसाद, श्रीमती ज्योति, श्रीमती आरूही राय, श्रीमती निधि राय , श्रीमती रेशम शर्मा , श्रीमती पुष्पांजली तिवारी, श्रीमती रोमा सिंह, शोभा नाड़ीग आदि का सहयोग मिला।

### मराठा समाज ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** जिला मराठा समाज कोरबा के जीजा माता महिला मंडल के द्वारा रविवार को होटल टॉप इन टाउन में सावन उत्सव का आयोजन कर उत्सव का आनंद लिया गया। जिसमे अध्यक्ष श्रीमती विद्या भोंसले, महासचिव श्रीमती प्रीति शिंदे, कोषाध्यक्ष श्रीमती अंजली भोंसले, मुख्य अतिथि श्रीमती करुणा आहेर, विशिष्ठ अतिथि श्रीमती अर्चना जाधव एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रही। निर्णायक समिति के सदस्यों के द्वारा इस वर्ष के सावन सुंदरी का खिताब श्रीमती सुभांगी घाटगे को दिया गया तथा इस वर्ष के गेम विनर श्रीमती रीता सेलार एवं नीली निंबालकर रहीं।

### क्षत्रिय राठौर समाज ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** राठौर समाज द्वारा परंपरा, संस्कृति और एकता को समर्पित सावन उत्सव मनाया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि संतोष राठौर थे, जिनके कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम की योजना एवं संचालन हुआ। मंच संचालन श्रीमती उज्जवला राठौर ने अत्यंत प्रभावशाली और मनभावन शैली में किया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलमय गणेश वंदना से हुई, इसके बाद, सावन नृत्य और गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। महिलाओं और बच्चों ने रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। महिलाओं के द्वारा मनमोहक नृत्य, सावन पर आधारित समूह नृत्य पहेलियां और छत्तीसगढ़ी जनउला, प्यारे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति, सावन सुंदरी चुनना और पुरस्कार वितरण, समाज की एकता, उत्साह और सहयोग की भावना इस उत्सव में स्पष्ट रूप से परिलक्षित रही।

### एकता महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** राठौर स्ट्रीट रविशंकर शुक्ल नगर में एकता महिला मंडल के द्वारा सावन उत्सव मनाया गया। जिसमें सभी महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर उत्सव में भाग लिया, साथ ही प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिता दाल छटिन में बबीता राठौर, चना प्रतियोगिता में कंचन, आई क्यूज में मधु, म्युजिकल में अंजली राठौर प्रथम रही। साथ ही अन्य आयोजन भी किया गया जिसमें रजनी उपाध्याय, भगवती राठौर, भुरी राठौर, मीना हाण्डा, बबीता राठौर, प्रिति राठौर, अंजली राठौर, सुमन राठौर, संगीता, नीलम, कंचन, उर्मिला, मधु, वर्षा, हर्षा व अदिति ने मंच का सफल संचालन किया।

### सिल्वर स्पून में मनाया सावन उत्सव



**कोरबा।** प्रियंका भारती के तत्वाधान में रूमगढ़ा चौक सिल्वर स्पून में सावन महोत्सव मनाया गया। दर्री एनटीपीसी विद्युत नगर साडाकलोनी जमनीपाली की महिलाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महापौर संजूदेवी राजपूत मुख्यअतिथि रहीं। महिलाओं ने सावन महोत्सव में भाग लिया जिसमें सोलो डांस ग्रुप डांस टैलेंट प्रतियोगिता रैंप वॉक प्रश्न उत्तर, मेहंदी संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया। इस दौरान हौऊजी का आनंद उठाया। वार्ड क्रमांक 51 की पार्षद सुखविंदर कौर का संगिनी महिला समूह की महिलाओं ने स्वागत किया

## भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यसमिति बैठक

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक का आयोजन 2 एवं 3 अगस्त को वन चेतना केंद्र, संकरी में संपन्न हुआ। इस बैठक में प्रदेश भर के यूनियन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्रमिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी. सुरेन्द्रन रहे। साथ ही राधेश्याम जायसवाल अखिल भारतीय मंत्री एवं बिजली उद्योग प्रभारी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई, प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंहदेव, महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष शंखध्वनि सिंह बनाफर एवं पर्यावरण मंच के अखिल भारतीय प्रभारी लक्ष्मण चंद्रा सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंहदेव ने की जबकि संचालन महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यसमिति में संगठन के पिछले छह माह के कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान प्रदेश महामंत्री द्वारा आठ नए यूनियनों को संगठन से संबद्ध करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

## त्यौहारों के मद्देनजर मिठाई दुकानों से लिए जा रहे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बने खाबो बने रहबो अभियान के तहत प्रदेश सहित जिला में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, कंट्रोलर दीपक अग्रवाल के द्वारा हरी झंड़ी दिखा कर 4 से 6 अगस्त तक चलने वाले अभियान को प्रारम्भ किया गया। इसी कड़ी में निहारिका स्थितिपाठक स्वीट्स से बेसन लड्डू, कोसाबाड़ी स्थित वैभव



स्वीट्स से पेड़ा, बूंदी लड्डू, रवि डेयरी से मिल्क केक, कलाकंद, मथुरा पेड़ा उपनगरीय कटघोरा स्थित मुरली होटल से पेड़ा, नारियल लड्डू, शारदा स्वीट्स कटघोरा से मिल्क केक कलाकंद नारियल लड्डू का नमूना जांच हेतु लिया गया। जिसकी जांच हेतु फूड लैब रायपुर को भेजा गया है। अभियान का उद्देश्य डेयरी, रेस्टोरेंट, स्ट्रीट फूड में खाद्य एवं अखाद्य रंग की जांच, न्यूज पेपर का यूज नहीं करने, खाद्य पदार्थों के पैकेज मटेरियल, खाद्य तेल की गुणवत्ता, फासी मार्क वाले खाद्य पदार्थों का उपयोग करने सहित नियमों की जानकारी होना, खाद्य परिसरों की साफ सफाई, किचिन की हाइजीन कंडीशन मेंटेन रखना आदि शामिल हैं।

### पृष्ठ 1 का शेष

### चार सरकारी...

रखा था। उसके बाद से महाविद्यालय शिक्षा के विस्तार को लेकर राज्य सरकार ने जिले के चार ग्रामीण अंचलों में शासकीय कॉलेज की घोषणा की जिसमें पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में जटगा, करतला विकासखंड में उमरेली और रामपुर, कटघोरा विकासखंड अंतर्गत बांकीमोंगरा कॉलेज शामिल हैं। इन कॉलेजों की कक्षाएं अभी भी शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के भवन में चल रही है। जिनके बीच समय को लेकर तकनीकी और व्यवहारिक समस्या सामने आने लगी है। हालांकि दर्ज संख्या कम होने से समस्या बड़ा रुप नहीं ले सकी है। किंतु जमीन आबंटन की प्रक्रिया को लेकर जितनी देरी हो रही है उसे महाविद्यालय अपने स्वरुप में आने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### अंबिकापुर से बस...

पाटिल एवं गणेश कोसले की टीम गठित की गई जिनके द्वारा गोपालपुर में बस को रोककर जब इसकी तलाशी ली गई तो एक थर्माकोल बाक्स में मछली पायी गई। इस संबंध में जब बस के चालक और परिचालक से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा इसके मालिक के संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं दी गई और न ही जप्त मछिलयों के संबंध में सुपुर्दनामा के लिए कोई अन्य व्यक्ति भी सामने नहीं आया। जिसके बाद विभाग ने मछली जप्त कर ली है। इस कार्यवाही से अवैध रुप से मछली का परिवहन का मामला सामने आया है। विभाग के द्वारा रायगढ़ और सक्ति जिले से आने वाली यात्री बसों की जांच पड़ताल का भी निर्णय लिया गया है।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप



### ग्राम भूलसीडीह में मंडल, सेक्टर कमेटी गठन के लिए हुई बैठक

**कोरबा।** ग्राम भूलसीडीह में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश में संगठनात्मक मजबूती के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) के मंडल/सेक्टर कमेटी के गठन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मनोज चौहान, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, ब्लॉक अध्यक्ष अजीत दास महंत, गोपीलाल सारथी, संतोष मिश्रा, आशीष गांगुली, आवेश कुरेशी, बुधवार सिंह कंवर, सरपंच इंजोर सिंह कंवर, रोशन खांडे, जयकिशन पटेल, लखन घृतलहरे, गनेश राम बघेल, रतन यादव, चंद्रिका कश्यप, लक्ष्मी नारायण खांडे, गोपाल दास महंत, किरण तिवारी, बाबू लाल राठिया, सरपंच बेन्दरकोना जयवीर सिंह तंवर, अजय दास महंत, कांशी कुजुर, ढकेश्वर पटेल, वीरु पाटले, कमलेश कुर्रे एवं कांग्रेस पार्टी के जुझारू कर्मठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कनकी पुल के पास लगा रहा जाम, लोग रहे हलाकान



**कोरबा।** सोमवार सुबह से चांपा-पंतोरा-कोरबा मार्ग पर कनकी पुल के पास भारी जाम की स्थिति बनी हुई थी। कनकेश्वर महादेव मंदिर में सावन सोमवार पर श्रद्धालुओं का तांता लगने से पुल के दोनों ओर लगभग 2 से 3 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रैफिक सामान्य होने में 3 से 4 घंटे तक का समय लगा। यातायात विभाग और प्रशासन ने चांपा की ओर जाने वाले यात्रियों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्ग के रूप में हाईवे का उपयोग की सलाह दी।

### छठवीं में प्रवेश हेतु आवेदन 5 तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों के बेहतर भविष्य के उद्देश्य से आवासीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाकर गुणवत्तायुक्त निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से विकास के समान अवसर प्रदान करने हेतु अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना संचालित है। कार्यालय सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु निर्माण श्रमिकों के बच्चों को कक्षा 6वीं में निजी आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन 5 अगस्त तक मंगाये गये हैं। इस हेतु जिला कार्यालय एवं जिले के जनपद कार्यालयों में संचालित श्रम संसाधन केन्द्र तथा विभाग द्वारा आयोजित शिविर के माध्यम से निर्माण श्रमिक आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### महाविद्यालय में प्रवेश हेतु 31 तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के दूरवर्ती शिक्षा अंतर्गत अध्ययन केंद्र कोरबा में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं कौशल विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में स्नातक कोर्स अंतर्गत ,बीए, बीएससी गणित व जीवविज्ञान, बीकॉम(आनर्स) बीबीए(आनर्स), बी-लिब एंड आईएससी, स्नाकोत्तर कोर्स के अंतर्गत एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमए/एमएससी गणित व कम्प्यूटर साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा अंतर्गत पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा कोर्स अंतर्गत डिप्लोमा इन योग साइंस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन साइकोलॉजीकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा आदि कोर्स शामिल है।

### मकान निर्माण के लिए मिलेंगे ढाई लाख रूपए

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत हितग्राहियों को आवासगृह निर्माण हेतु शासन से 2 लाख 50 हजार रूपये की राशि प्राप्त होगी, जो चार किश्तों में दी जाएगी, प्रथम किश्त में 63 हजार रूपये, द्वितीय किश्त में 87 हजार रूपये, तृतीय किश्त में 65 हजार रूपये एवं चतुर्थ किश्त में 35 हजार रूपये की राशि हितग्राहियों को प्राप्त होगी, इसके अतिरिक्त 18 माह के अंदर उनके द्वारा आवासगृह का निर्माण पूर्ण कर लेने पर छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजनांतर्गत 32850 रूपये की अतिरिक्त राशि भी हितग्राहियों के मिलेगी।

## जगह-जगह हुए भोग भंडारे के आयोजन

# सावन के अंतिम सोमवार को हर- हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय



कटघोरा नगर में भोग वितरण करते हुए।



पाली शिव मंदिर में जलाभिषेक करने लगी भक्तों की लंबी कतार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

सावन के पवित्र माह का अंतिम सोमवार शिवभक्तों के लिए विशेष उत्साह और श्रद्धा का पर्व बन गया। नगर के विभिन्न हिस्सों में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजते शिवालयों और सड़कों पर भक्तों की भीड़ ने माहौल को धार्मिक रंग में रंग दिया।

चकचकवा पहाड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन के बीच भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।सांथ ही सावन के पावन अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई स्व प्रमोद कुमार अग्रवाल भोलू भाई के द्वारा चकचकवा पहाड़ी में सावन के प्रत्येक सोमवार को प्रसाद का वितरण किया जाता था व अंतिम सोमवार को विशाल भंडारा किया जाता था मगर जब से प्रमोद अग्रवाल का निधन हुआ उसके पश्चात इस कार्य को उनके दोनों सुपुत्रों के द्वारा बड़ी ही निष्ठा से आगे बढ़ा रहे हैं इसी क्रम में आज भी प्रातः 6 बजे से प्रसाद स्वरूप भंडारे की शुरूआत की गई जो कि रात्रि तक चलता रहा इसी बीच नगर के प्रमुख स्थानों पर भी लोगों ने शिवभक्ति और सेवा भाव दिखाते हुए भोग भंडारे का आयोजन किया। कटघोरा-बिलासपुर मुख्यमार्ग पर व्यवसायियों और सब्जी व्यापारियों ने संयुक्त रूप से प्रसाद वितरण किया। इसी तरह न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में बस एजेंटों द्वारा श्रद्धालुओं और यात्रियों के लिए भोग भंडारे की व्यवस्था की गई। भोग भंडारे के प्रसाद का स्वाद चखते हुए राहगीरों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे। छोटे-बड़े सभी उम्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और इसे सावन की शिवभक्ति से जोड़कर अपनी खुशी जाहिर की। नगरवासियों ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को भोग भंडारे की परंपरा हर साल निभाई जाती है, और इस बार की भागीदारी पहले से कहीं अधिक रही। भक्ति, उल्लास और सेवा की भावना से सराबोर कटघोरा नगर ने सावन के इस पावन दिन को ऐतिहासिक बना दिया।

### जूना तालाब से श्री सिद्ध नागेश्वर देवसरई रैनपुर कांवड़ यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब



**गेवरा दीपका।** जूना तालाब मंदिर से शुरू होकर श्री सिद्ध नागेश्वर देवसराय के निवास रैनपुर के प्राचीन शिव मंदिर तक गई कावड़ यात्रा निकाली गई। इस अवसर का एक महत्वपूर्ण आकर्षण भगवान भोलेनाथ के जीवन को दर्शाती एक जीवंत झांकी के साथ प्रस्तुत अघोरी तांडव नृत्य था, जिसने आस्था और भक्ति के अनूठे मिश्रण से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिवलिंग पूजा के साथ शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हर हर महादेव और बोल बम" के नारे लगाते हुए नजर आए। ज्योति नंद दुबे सहित गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और आइडल डांस अकादमी के कलाकारों ने शिव तांडव नृत्य भी प्रस्तुत किया। यह यात्रा दीपका के जूना तालाब स्थित मंदिर प्रांगण से रैनपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर तक रही, जिस्मे रास्ते भर युवाओं की टोली पारंपरिक वेशभूषा, भगवा वस्त्रों और रुद्राक्ष की मालाओं में सजी दिखाई दी। डीजे की धुन पर भोले बाबा के भजन गूंजते रहे और भक्त झूमते रहे।

### शांतिनगर शिव मंदिर में हुई विशेष पूजा, बांटे गए खीर-पूड़ी



**हरदीबाजार।** अंतिम सावन सोमवार पे जहां क्षेत्र के सभी शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों की सुबह से ही तांता लगा रहा। वहीं भक्त अपने भोलेबाबा को रिझाने बेल पत्र, आंक फूल, धतूरा फूल, दूबी, कनेर, चावल, पुष्प, जल, दूध दही, शहद, पंचामृत अर्पित कर मौसमी फल,श्री फल चढ़ा कर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान हरदीबाजार शांतिनगर स्थित कंचन बाई राठौर की स्मृति में निर्मित शिव मंदिर में सभी भक्तों ने पूजा अर्चना कर खीर-पूड़ी और सुखा प्रसाद ग्रहण किया। जहां सभी भक्तों को प्रसाद वितरण मंदिर संयोजक राजाराम राठौर ने किया। इस दौरान संतोष राठौर, जगदीश अग्रवाल, विनोद उपाध्याय, निलेंद्र राठौर, विजय साहू, पंकज धुर्वा, पुष्पेन्द्र राठौर, विपिन राठौर, अमरिका राठौर, जगदम्बे राठौर, रश्मि राठौर, ममता राठौर, प्रभा कंवर, रत्ना राठौर रिंकी कश्यप, आदि, यशु, शिवम, कान्हा, बेबी, दद्दू, अंशू प्रियांशु, आयांश राठौरआदि उपस्थित थे।

# कैबिनेट मंत्री राजवाड़े ने दुर्घटना में घायल को भिजवाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



घायलों को देखती केबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े।

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने रायपुर से अपने निज निवास वीरपुर जाते समय उनका काफिला जैसे ही सुत्तर्रा मोड़ कटघोरा पहुंचा, उन्होंने सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त एक दोपहिया वाहन सवार युवक को देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने तत्काल अपने काफिले को रुकवाया और स्वयं मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्ति की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बिना समय गंवाए घायल को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कटघोरा भिजवाने की व्यवस्था की। श्रीमती राजवाड़े ने कोरबा जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को फोन कर घायल को त्वरित और समुचित उपचार देने के निर्देश भी दिए।

## राखी दुकानें सड़क पर लगाई तो होगी कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** रक्षा बंधन त्यौहार की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए थाना पामगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के दुकान संचालको का आहुत मिटिंग थाना पामगढ़ में लिया गया। बैठक दौरान दुकान संचालकों को राखी दुकानें रोड पर नहीं लगाने के संबंध आवश्यक समझाइश दी गई। आवागमन यातायात व्यवस्था बाधित न हो जिसको ध्यान में रखते हुए बैठक आहुत की गई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आगामी रक्षा बंधन पर्व की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना पामगढ़ क्षेत्र के दुकान संचालकों का नगर पंचायत पामगढ़ के सीएमओ की उपस्थिति में मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी पामगढ़ द्वारा मिटिंग आहुत की गई, बैठक दौरान रक्षा बंधन पर्व पर राखी दुकानें रोड पर नहीं लगाने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। बैठक के दौरान पामगढ़ क्षेत्र के व्यापारी संघ एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया आरआई को निलंबित

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा विमल कुमार भगत राजस्व निरीक्षक रानिमं चैतमा को अपने पदीय क्षेत्र के शासकीय कार्यों के दायित्वों का निर्वहन करने के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरतने के कारण सेवाओं से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन काल में उनका मुख्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जटगा, तहसील पसान नियत किया गया है। निलंबन अवधी में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार कार्यालय कलेक्टर जिला धमतरी के पत्र क्रमांक द्वारा विमल कुमार भगत, राजस्व निरीक्षक मगरलोड सह पटवारी ह. नं. 13 राजाडेरा, तहसील मगरलोड के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने/ प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने के संबंध में प्रेषित प्रतिवेदन/उल्लेखित तथ्यों के आधार पर एवं तहसीलदार पाली के प्रस्ताव पत्र अनुसार विमल कुमार भगत से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रुप से अपने शासकीय कार्य में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण उन्हें तहसीलदार पाली के पत्र क्रमांक द्वारा जारी कारण बताओं सूचना पत्र का जवाब निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं किया गया है। विमल कुमार भगत द्वारा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरती गई है।

# वन विभाग हाथी-मानव द्वंद रोकने में असफल, किसानों की बढ़ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- आए दिन ग्रामीणों के खेत में खड़ी फसल को रौंद रहे हाथी



हाथियों द्वारा रौंदी गई फसल।

जिले में दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के गांव में बसने वाले ग्रामीणों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। हाथी और मानव द्वंद बढ़ता ही जा रहा है। कोरबा वनमंडल के पसरखेत और कुदमुरा रेंज में मौजूद हाथियों ने कई खेतों में फसलों को बर्बाद किया है। इससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीण और किसान जिला प्रशासन और वन विभाग से फसल सुरक्षा की गुहार लगा रहे हैं। वहीं खेत में बिजली का तार बिछाने से एक हाथी उसकी चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। यह मामला अभी शांत नहीं हुआ था कि एक और शावक की जान चली गई महज यह शावक दो ही दिन का था। वन विभाग के अनुसार मौत का कारण निमोनिया है।

लगातार धान और मूंगफली की फसल को रौंदकर हाथी नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरी तरफ किसान भी अपने फसल की सुरक्षा के लिए चिंतित हैं। इसके लिए कुछ किसान अनैतिक उपाय अपनाने लगते हैं। एक दिन पहले तीन किसानों ने बिजली का तार खेत में बिछा दिया। जिसकी चपेट में आने से हाथी की मौत हो गयी। फसल बर्बाद होने से बचाने के लिए किसान अपने मुताबिक उपाय अपना रहे हैं जबकि वन अमले की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। हाथियों को जंगल तक सीमित रखना, जंगल में ही उनके लिए पर्याप्त भोजन पानी और अन्य संसाधन उपलब्ध कराना वन विभाग का अहम काम है। बीट गार्ड को एक कंपार्टमेंट का इलाका निगरानी के लिए सौंपा जाता है। पूरा जंगल छोटे-छोटे कंपार्टमेंट में विभाजित रहता है। प्रत्येक कंपार्टमेंट के लिए जवाबदेही तय रहती है। इसकी निगरानी में भी ढिलाई बरती जाती है।

# बाल संरक्षण गृह में कार्यरत हाउस फादर को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की हुई जांच

जिले में संचालित शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) नवीन थाना भवन बालको के संबंध में प्रकाशित व प्रसारित समाचार जिसमें की सोशल मीडिया में वायरल वीडियो का उल्लेख है। वीडियो में संस्थागत अपचारी किशोर टीवी में गाने देखते हुए दिख रहे हैं जिससे एक किशोर द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से कोरबा जेल टेग लाईन के सहित पोस्ट किया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि उक्त घटना में किसी भी प्रकार का कदाचरण परिलक्षित नहीं हो रहा है, केवल किशोरों द्वारा टीवी में मनोरंजन की दृष्टिकोण से गाना देखते हुए उक्त स्थान में किशोर बैठे हैं किन्तु उक्त समाचार में कोरबा जेल में एश शीर्षक के साथ दुष्प्रचार किया जा रहा है। कथित घटना में आपत्तिजनक बात यह है कि शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) में किशोरों को मोबाईल फोन प्राप्त होने के आधार पर वीडियो बनाया गया। उक्त वीडियो को जिला जेल से फरार विचाराधीन कैदियों के संबंध में जोड़कर समाचार प्रसारित किया जा रहा है जो कि गलत है। किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत विधि से संघर्षरत बच्चों को ही केवल बाल सुधार गृह में रखा जाता है। उक्त संबंध में प्रारंभिक जांच एवं निवासरत किशोरों व संस्थागत कर्मचारियों के द्वारा दिये गये बयान में यह पाया गया कि शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) में कार्यरत हाऊस फादर श्रीमती सरिता बैरागी के फोन से विडियो रिकॉर्ड किया गया है। उक्त घटना में किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 74 का उल्लंघन दर्शित है। कलेक्टर के निर्देशानुसार श्रीमती सरिता बैरागी, हाऊस फादर को तत्काल प्रभाव से शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह (बालक) से हटा दिया गया है। घटना में जिम्मेदार संलिप्त कर्मचारी के विरूद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत दोष सिद्ध होने पर नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## 10 हजार रुपए की राशि निकाल सकते हैं और जमा कर सकते हैं किसान

# समितियों में माइक्रो एटीएम से ग्रामीणों की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




सरकारी समितियों में बचत बैंक बंद होने के बाद से छोटी रकम के लिए किसानों के सामने मुश्किलें खड़ा हुआ करती थी। किसानों को जिला मुख्यालय या ब्लॉक मुख्यालय की सहकारी बैंक की शाखा में आना पड़ता था। इस वर्ष से माइक्रो एटीएम समितियों में शुरु होने के बाद ग्रामीणों की राह आसान हो गई है। अब वह 10 हजार रुपए की राशि अपने खाते से माइक्रो एटीएम से निकाल सकते हैं।

जिला सहकारी बैंक में एटीएम की सुविधा नहीं होने से किसानों को दूसरे बैंक के एटीएम से पैसा आहरण करना पड़ता था। वह भी उन बैंक से जिससे सहकारी बैंक का अनुबंध रहता है। इससे भी किसानों को कई प्रकार की तकनीकी दिक्कतों से गुजरना पड़ता था। गांव में ही नगदी रकम की सुविधा समितियों में भी नहीं मिला करती थी। जबकि समितियों में जब बचत बैंक चला करती थी तो किसान उससे ही अपनी छोटी मोटी जरुरत को पूरा करने के लिए जमा राशि आहरित कर लिया करते थे। बचत बैंक बंद होने के बाद से लंबे समय बाद 2025 से माइक्रो एटीएम की सुविधा किसानों को देते हुए इसकी व्यवस्था सभी सहकारी समितियों में की गई। इससे ग्रामीणों की राह आसान तो हुई लेकिन एक निश्चित राशि निकाले जाने के कारण समितियों में अब एक बार भी बचत बैंक की मांग उठने लगी है। जिन समितियों से बचत बैंक शुरु करने की बात सामने आ रही है उनमें पोड़ी उपरोड़ा करतला ब्लॉक की समितियां शामिल हैं। हालांकि अभी तक इन समितियों के माध्यम से कोई पत्र बैंक प्रबंधन तक नहीं पहुंचा है।

**किसानों को मिल रही सुविधा**

सहकारी समितियों में पहले बचत बैंक चला करती थी किंतु कुछ गड़बड़ियों के कारण उसे बंद कर दिया गया है। वर्तमान में सभी समितियों में माइक्रो एटीएम की सुविधा दी गई है। बचत बैंक शुरु करने के संबंध में प्रबंधन को समिति से कोई पत्र नहीं मिला है।

**-जमाल खान,** सुपरवाइजर जिला सहकारी बैंक

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780



कैलाश मानसरोवर यात्रा
8 मई से 20 मई 2026, (12 रात 13 दिन)
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
राशि:- (13 दिन) 2,10000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411